Girls' High School and
College, Prayagraj.
Work Sheet No-3
Session -(2020-21)
Class - 5 (A-F)
Subject - Hindi
Topic - पाठ-2 आस्था और अभिलाषा

निर्देश - कृपया अभिभावक पाठ के विषय में दिए गए विवरण को पढ़ें तथा उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखवाने व उसे याद कराने में बच्चों का सहयोग करें।

विवरण - ऐसे में मुझे पढ़ाने के लिए मेरी बहन जोहरा आगे आई और उन्होंने मेरी फीस जमा करने के लिए अपने हाथों के कड़े और अपना हार गिरवी रख दिया। उस समय से मैंने उनके कंगन और हार को वापस दिलाने की मन में ठान ली। उसी समय से मैं अपनी पूरी लगन और मेहनत के साथ पढ़ाई में जुट गया। एम० आई० टी० में पहला साल पूरा कर लेने के बाद जब मुझे एक विषय का चुनाव करना था तो मैंने वैमानिकी इंजीनियरिंग को दिया-चुनी और इसे ही अपना विषय बनाया। जब मैं एच० ए० एल० से एक वैमानिक इंजीनियर बनकर निकला तो मेरे सामने नौकरी के दो बड़े अवसर थे। एक अवसर वायुसेना का था और दूसरा रक्षा मंत्रालय में था। मैंने दोनों नौकरियों के लिए आवेदन-पत्र लिखा और दोनों ही जगह से मुझे साक्षात्कार के लिए बुलावा आया। वायुसेना में भर्ती होने के लिए मुझे देहरादून पहुँचना था और दूसरी नौकरी के साक्षात्कार के लिए दिल्ली जाना था। दिल्ली में मेरा इंटरव्यू काफी अच्छा हुआ। इसके बाद वायुसेना चयन बोर्ड में इंटरव्यू देने के लिए मैं देहरादून रवाना हो गया। वायुसेना के लिए पच्चीस में से जिन आठ उम्मीदवारों का कमीशन अधिकारी के लिए चयन हुआ, उनमें मैं नौवें नंबर पर ही आकर अटक गया। मैं दिल्ली लौट आया। मुझे यहाँ पर अच्छी नौकरी प्राप्त हो गई। अगले ही दिन मैंने 250 रूपये के मूल वेतन पर वरिष्ठ वैज्ञानिक सहायक के पद पर काम संभाल लिया। आखिरकार अब मुझे काफी मानसिक शांति प्राप्त हुई। वायुसेना में मेरा चयन न होने के कारण मुझे बहुत दुख हुआ। इस बात को मैंने अपने मन से निकाल दिया। मुझे अपने शिक्षकों की बातें याद आ रही थीं। उनका मानना था कि जीवन में सफलता पाने के लिए तीन चीजों की आवश्यकता पड़ती है और वह है 'इच्छा, आस्था और अभिलाषा'।

शब्द	अर्थ
रवाना	जाना
इच्छा	चाह / कामना
आस्था	विश्वास

Scanned with CamScanner

प्रश्न-1 एक शब्द में उत्तर लिखिए-

1. डॉ० कलाम की बहन का क्या नाम था?
2. डॉ० कलाम के सामने नौकरी के कितने अवसर थे?
3. पहला अवसर किस नौकरी के लिए था?
4. डॉ० कलाम ने दूसरी नौकरी के लिए किस मंत्रालय में आवेदन-पत्र भेजा?
5. दूसरी नौकरी के लिए साक्षात्कार देने उन्हें कहाँ जाना था?

प्रश्न-2 रिक्त स्थान भरिए-

1. मैंने ____ इंजीनियरिंग की दिशा चुनी और इसे ही अपना विषय बनाया।
2. वायुसेना में भर्ती होने के लिए मुझे ____ पहुँचना था।
3. अब मुझे काफी ____ शांति प्राप्त हुई।
4. वायुसेना में मेरा चयन न होने के कारण मुझे बहुत ____ हुआ।
5. ____ में सफलता पाने के लिए तीन चीजों की आवश्यकता पड़ती है, और वह हैं, ____, आस्था और अभिलाषा।

प्रश्न-3 निम्नलिखित शब्दों से वाक्य बनाइए-

1. अधिकारी
2. वैज्ञानिक

प्रश्न-4 निम्नलिखित लघु प्रश्न का उत्तर लिखिए-

1. डॉ० कलाम को सबसे पहले कितने रुपयों की नौकरी प्राप्त हुई?

END

Scanned with CamScanner